प्राप्त
390/22-23
10/2/23

प्रेषक,

जिला प्रोबेशन अधिकारी,
बलरामपुर।

सेवा में,

प्राचार्य एम० एल० के ०पी०जी महाविद्यालय,
जनपद–बलरामपुर।

पत्रांक 1049 /जि०प्रोका०/मु०क०सु०यो० / कैम्प /2022-23 दिनांक 09 फरवरी, 2023

विषय मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत श्रेणी–06 के लाभार्थियों का चिन्हांकन कराते हुये ऑनलाइन आवेदन कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ प्रभारी मंत्री जनपद–बलरामपुर द्वारा दिनांक 07.02.2023 को लाभार्मियों से संवाद कार्यक्रम में अब तक मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की श्रेणी–06 में मात्र–61 लाभार्थियों के लाभान्वित होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई है। तत्क्रम में जनपद बलरामपुर के कक्षा 12 उत्तीर्ण कर महाविद्यालयों के सभी संकायो मे वर्तमान सत्र में स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत् वंचित/पात्र छात्राओं को योजनान्तर्गत आच्छादित किये जाने हेतु समस्त महाविद्यालयों में कैम्प का आयोजन निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है–

क्र0 सं0	कैम्प आयोजन का दिनांक	समय	कैम्प आयोजन स्थल
1	13.02.2023	12.00 बजे से 3.00 बजे तक।	जनपद के समस्त महाविद्यालयों में।

अस्तु पत्र आपको इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त कैम्प आयोजन से पूर्व ही समस्त वंचित/पात्र छात्राओं का चिन्हांकन अपने स्तर से पूर्ण कराकर उन्हें वांछित अभिलेखों/प्रपत्रों सहित कैम्प में प्रतिभाग करने हेतु सूचित करने के साथ ही चिन्हांकित छात्राओं की सूची समस्त संलग्नकों सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–

1.पात्रता की शर्तें एवं आवश्यक अभिलेख से सम्बन्धित विवरण की प्रति।

2.निर्धारित प्रारूप पर स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र।

भवदीय,

09/02/23

(सतीश चन्द्र)
जिला प्रोबेशन अधिकारी,
बलरामपुर।

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, महिला कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय बलरामपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला प्रोबेशन अधिकारी,
बलरामपुर।

Dr. Sunil Shukla

10/2/23